शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 09.09.2024

डायल 112 पुलिस की मदद से शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी किये गये माल को किया बरामदः-

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशनुसार, श्री मनोज कुमार अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व श्री पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध रोकधाम व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त के क्रम में श्री हरपाल सिंह बालियान प्रभारी निरीक्षक पुवायाँ के नेतृत्व मे डायल 112 पुलिस द्वारा शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी गये माल (चाँदी की चैन) को किया बरामदः -

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 09.09.2024 को सुबह करीब 06.00 बजे श्री रामखिलावन पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम नवाबपुर गंगा थाना पुवायां शाहजहांपुर, शाहजहाँपुर से पुवायाँ मैजिक मैं बैठकर आ रहे थे तभी मैजिक मे बैठे व्यक्ति द्वारा वादी के बैग से चाँदी की दो चैन चोरी होने की शिकायत डायल 112 पर की। उक्त शिकायत पर पीआरवी नं0 1383 मौके पर पहुँची जिसके बाद मैजिक मे बैठे व्यक्तियो की तलाशी ली तो अभियुक्त अनुज तिवारी पुत्र सुशील कुमार तिवारी निवासी ग्राम बडागाँव थाना पुवाया जनपद शाहजहाँपुर के कब्जे से चोरी गयी चाँदी की चेन बरामद हुई इसके बाद वादी मुकदमा मय पीआरवी नं0 1383 के थाना पुवायाँ पर उपस्थित आकर मु0अ0स0 604/24 धारा 303(2)/317(2) बनाम अनुज तिवारी पुत्र सुशील कुमार तिवारी निवासी ग्राम बडागाँव थाना पुवाया जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत कराया। अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही के पश्चात मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.अनुज तिवारी पुत्र सुशील कुमार तिवारी निवासी ग्राम बडागाँव थाना पुवाया जनपद शाहजहाँपुर

पंजीकृत अभियोगः –

1. मु0अ0स0 604/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर ।

बरामदगी का विवरण –

1. चोरी की 02 चैन (सफेद धातु)बरामद

गिरफ्तारी टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 1886 अनुज सागर तैनाती पीआरवी नं0 1383
4. हो0गा0 1791 अजय त्रिवेदी तैनाती पीआरवी नं0 1383
5. हो0गा0 351 पंकज मिश्रा तैनाती पीआरवी नं0 1383

पूछताछ विवरण:-

अभियुक्त अनुज उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि मुझे मैजिक मे बैठे एक व्यक्ति के बैंक की जेब थोड़ी सी खुली थी जिसमे से मुझे चाँदी की चैन दिखी मेरे मन मे लालच आ गया और मैने वह चैन उसके बैग से निकालकर अपने बैंग मे रख ली थी। मुझसे गलती हो गयी है। मांफ कर दीजिए।